हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 18 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 मां की आराधना में डूबा शहर, गरबे की प्रस्तुति मोह रही लोगों का ....



08 जिले में 40 घनमीटर क्षमता के बायो गैस संयंत्र का संचालन...



खबर संक्षेप में



कक्का इंटरनेशनल स्कूल में किया गया रावण दहन

नलखेड़ा। नगर की सीबीएसई शिक्षण संस्था कक्का इंटरनेशनल स्कूल नलखेड़ा में शनिवार को बच्चों के द्वारा बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व दशहरा मनाया गया। बच्चों के द्वारा रावण के पुतले का दहन किया गया। हमारा भारत देश संस्कृति और पर्वों का देश है उसी कड़ी में नवरात्रि एवं दशहरा का उत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। इसी के चलते प्रतिवर्षानुसार कक्का इंटरनेशनल स्कूल नलखेड़ा में सभी बच्चों के द्वारा गरबा उत्सव एवं उसके पश्चात रावण दहन का कार्यक्रम किया गया । रावण दहन के पूर्व छोटे-छोटे बच्चे जिसमें राम लक्ष्मण जानकी और हनुमान के स्वरूप बनाए गए और राम रावण , युद्ध का अभिनय भी किया गया। संस्था प्रबंधकों द्वारा भगवान राम लक्ष्मण आदि की पूजा कर आरती की गई। यह कि कल 18 अक्टूबर से स्कूल का अवकाश रहेगा इस कारण सभी बच्चों द्वारा गरबा उत्सव और दशहरा का उत्सव प्रतीक स्वरूप शनिवार को मनाया गया। स्कूल के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता डायरेक्टर नवीन कुमार पांडिया. प्राचार्य पंकज शर्मा ने सभी को दशहरे की एवं नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

पेंशनर्स महासंघ का धरना स्थगित

मन्दसौर। मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ और भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में 40 संगठनों द्वारा 26 अक्टूबर 2026 को भोपाल में आयोजित होने वाला प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन फिलहाल दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रिमंडल के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया है। महासंघ के मंदसौर जिला अध्यक्ष बीएस सिसोदिया एवं सचिव नंदकिशोर राठौर ने बताया कि गत 15 अक्टूबर 2026 को आयोजित हुई उच्चस्तरीय बैठक में कर्मचारी कल्याण समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण मध्यस्थता रही।

50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए मां के दर्शन, जयकारों से गूंज उठी पीतांबरा नगरी

सप्तमी पर मां बगलामुखी में उमड़ा भक्तों का सैलाब







हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व के चलते विश्व प्रसिद्ध मां पीतांबरा बगलामुखी मंदिर में नवरात्रि के सप्तमी दिवस पर शनिवार को मां के दर्शन के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां बगलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की कतारें लगना शुरू हो गई थी, जो दिनभर जारी रही। मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा।



सुबह से रात तक लगी रही श्रद्धालुओं की कतारें

नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार को मां के दर्शन करने के लिए विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु नगर में स्थित माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर मां बगलामुखी के दर्शन किए। श्रद्धालु मां के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस करते नजर आए। शनिवार को दर्शनार्थियों के सैलाब का आलम यह था कि मंदिर के बाहर लगे बेरिकेट्स सुबह से शाम तक भक्तों से भरे रहे। इस दौरान भक्तों को एक से दो घंटे में दर्शन लाभ हो रहे थे। सप्तमी के अवसर पर भक्तों में मां के दर्शन को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा और मां के जयकारों से पीतांबरा नगरी गुंजायमान होती रही। नवरात्रि के सातवें दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर मां बगलामुखी के प्रति भक्तों की अटूट आस्था और विश्वास को दर्शाया है। नवरात्रि पर्व के इन दिनों में माता रानी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर से मनोहारी श्रृंगार किया जा रहा है।

व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई लगा लंबा जाम

नवरात्रि में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए दर्शन व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और पार्किंग जैसी व्यवस्थाएं महत्वपूर्ण होती है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के बीच सुचारु व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण रहता है। शनिवार को प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं फैल हो गई और पिलवास चौराहे से लखुंदर नदी की पुलिया तक मार्ग जाम रहा जिसके चलते वाहन चालक व श्रद्धालु परेशान होते रहे। लखुंदर नदी की पुलिया पर लगे जाम के कारण नगर के अंदरूनी मार्ग सरदार पटेल चौराहा, शिवाजी चौराहा व माँ बगलामुखी मंदिर मार्ग पर भी जाम की स्थिति बनी रही और वाहन रेंगते हुवे चलते रहे। जाम में फसे एक नागरिक ने बताया कि उसे स्कूटी से पिलवास चौराहे से सरदार पटेल चौराहा आने में डेढ़ घंटे से अधिक का समय लगा। गौरतलब है कि नवरात्रि के दौरान अभी तक प्रतिदिन अपेक्षा से दर्शनार्थियों की संख्या कम होने से प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं से भक्तों को कम परेशानियां आ रही थी लेकिन शनिवार को श्रद्धालुओं की संख्या बढते ही प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुई।

शक्ति की भक्ति की बालिकाएं बन रही हैं मिसाल

रात 3 बजे उठकर तैयार हो रही देवी स्वरूप में



नलखेड़ा। शक्ति की भक्ति के इस महापर्व शारदीय नवरात्रि पर्व में भक्त भिन्न भिन्न तरीकों से माता रानी की भक्ति कर रहे है। इस भक्ति में वे बालिकाएं एक मिसाल बन रही है जो प्रभातफेरी में शामिल होने के लिए रात्रि 3 बजे उठकर देवी स्वरूप में तैयार हो रही है। अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारम्भ हुई प्रभातफेरी श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा तब से अनवरत निकाली जा रही है। संकीर्तन मंडल के सदस्य बारह मास आने वाले सभी पर्व प्रभातफेरी में भी मनाते है। इसी कड़ी में नवरात्रि पर्व को भी प्रभातफेरी में मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन प्रभातफेरी में एक देवी स्वरूपा बालिका भी शामिल रहती है जोकि प्रतिदिन अलग अलग बालिका होने के साथ साथ अलग अलग देवी स्वरूप में शामिल होती है। चूंकि प्रभातफेरी प्रातः 5.30 बजे प्रारम्भ होती है इसलिए इसमें देवी स्वरूप में शामिल होने वाली बालिका को रात को 3 बजे उठना पड़ता है। जिसके साथ बालिका के परिजन भी उठते है जोकि लगभग दो घंटे में बालिका को देवी स्वरूप में तैयार कर 5.30 बजे प्रभातफेरी प्रारम्भ होने वाले स्थान चौक बाजार लाते है। हो सकता है कि यह एक सामान्य बात लगे लेकिन समझने वालों के लिए यह एक असाधारण बात होने के साथ ही शक्ति की भक्ति की एक अनूठी मिसाल होती है। क्योंकि 10 से 15 वर्ष की बालिका रात 3 बजे उठकर तैयार होती है जोकि उसके मन मे शक्ति के प्रति अगाध आस्था के चलते होता है। वह देवी स्वरूपा बालिका प्रभातफेरी में उत्साह के साथ लगभग 3 से 4 किमी पैदल भ्रमण करती है। यह किसी दैवीय शक्ति की कृपा से असंभव लगता है। इसके साथ ही बालिका के परिजन भी उस भक्ति में बराबर के हिस्सेदार होते है जो कि 3 बजे अपनी बालिका को उठाकर तैयार करते है। नवरात्रि के सातवें दिन शनिवार को प्रातः 5.30 बजे प्रभातफेरी में एक बालिका माँ कालरात्रि के स्वरूप के साथ प्रभातफेरी में शामिल की गई। चौक बाजार से श्रीराम संकीर्तन यात्रा प्रारम्भ हुई। जोकि चौक बाजार से गणेश चौराहा गवलीपुरा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंची जहाँ माता के दरबार में भजनों की प्रस्तुति के साथ भक्ति की गई। यहाँ से संकीर्तन यात्रा पुनः पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुंची जहाँ श्रीराम स्तुति के पश्चयात समापन हुआ।

मां बिजासन भक्त मंडल ने निकाली भव्य चुनरी यात्रा, जयकारों से गूंजा नगर





कानड़। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को नगर में भक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मां बिजासन भक्त मंडल के तत्वावधान में भव्य चुनर यात्रा निकाली गई। बैंड-बाजे और ढोल की गूंज के बीच निकली यात्रा में माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा में शामिल महिलाओं और युवतियों ने श्रद्धा के साथ मां आदिशक्ति की आराधना करते हुए सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।चुनर यात्रा का शुभारंभ नगर के ठाकुर मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज देवी मठ से हुआ। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व मां आदिशक्ति के कालरात्रि स्वरूप का आकर्षक श्रृंगार किया गया तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके पश्चात माता रानी के जयकारों के साथ चुनर यात्रा रवाना हुई।यात्रा नगर के कन्या शाला स्कूल, माली मोहल्ला, राजवाड़ा चौक, बजरंग मोहल्ला, पीपल चौक, माता चौक, पचलाना रोड, नवीन बस स्टैंड और पुराना बस स्टैंड सहित प्रमुख मार्गों से होती हुई मां बिजासन मंदिर पहुंची। यहां भक्तों ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ मां बिजासन को चुनरी अर्पित की तथा माता रानी से नगर की सुख-समृद्धि और सभी के कल्याण की प्रार्थना की।

जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

चुनर यात्रा में विश्व हिंदू परिषद एवं मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों सहित नगर की बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियां शामिल हुई। यात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। नवरात्रि के उत्साह और माता रानी के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय नजर आया। यात्रा के दौरान शांति एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी तैनात रहा।

सप्तमी पर शीतला माता मंदिर में कन्या भोज, बालिकाओं को कराया भोजन

कानड़। शारदीय नवरात्र के दौरान नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। कहीं विशेष अनुष्ठान किए जा रहे हैं तो कहीं कन्या पूजन के माध्यम से मां आदिशक्ति की आराधना की जा रही है। इसी क्रम में नगर के मध्य जालखा सेरी स्थित अतिप्राचीन शीतला माता मंदिर प्रांगण में नवरात्र की सप्तमी पर कन्या भोज का आयोजन किया गया।नीम के वृक्ष के नीचे विराजमान मां शीतला माता के दरबार में शीतला माता मंदिर समिति के सदस्यों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद नगर सहित शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की बालिकाओं को मंदिर परिसर में आमंत्रित कर उनके माथे पर तिलक लगाया गया तथा श्रद्धापूर्वक भोजन प्रसादी कराई गई। कन्या भोज के दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा।समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्र की नवमी पर मंदिर में हवन का आयोजन किया जाएगा। साथ ही समिति द्वारा भविष्य में भी धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे, ताकि नगर में धार्मिक परंपराओं और सेवा भाव को बढ़ावा मिल सके।



भक्ति और संस्कारों के संग मनाया नवरात्रि पर्व

सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में कन्या पूजन गरबा महोत्सव और रावण दहन की धूम



नलखेड़ा। सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज, नलखेड़ा में नवरात्रि एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर कन्या पूजन, गरबा महोत्सव एवं रावण दहन का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा, उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। संपूर्ण विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण, सांस्कृतिक उल्लास एवं भारतीय परंपराओं की अनुपम छटा से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम में नन्ही-नन्ही बहिनों ने देवी स्वरूप में विद्यालय में प्रवेश किया। उनके आगमन से विद्यालय परिसर में श्रद्धा एवं भक्ति का विशेष वातावरण निर्मित हुआ। सभी कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर महाआरती की गई तथा माँ दुर्गा से सभी के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की गई। इसके पश्चात सभी भैया-बहिनों को प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बहिनों ने पारंपरिक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। पारंपरिक वेशभूषा, गरबा की मधुर लय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सभी भैया-बहिनों ने आनंदपूर्वक सहभागिता करते हुए भारतीय लोक संस्कृति के रंगों का अनुभव किया। इसके पश्चात विजयादशमी के उपलक्ष्य में भगवान श्रीराम एवं लक्ष्मण के स्वरूप में सजे भैया-बहिनों की उपस्थिति में रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रावण दहन के माध्यम से विद्यार्थियों को अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। इस आयोजन ने भैया-बहिनों में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने तथा सदैव सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा जागृत की। विद्यालय में आयोजित इस त्रिवेणी उत्सव ने धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं एवं नैतिक मूल्यों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव, श्रद्धा, संस्कार एवं सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस प्रकार कन्या पूजन, गरबा महोत्सव एवं रावण दहन का संपूर्ण कार्यक्रम उत्साह, उमंग एवं भक्तिमय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



हिंदू धार्मिक स्थल पर मुस्लिम समाज ने की साफ-सफाई

पेश की भाईचारे की मिसाल

सीतामऊ। सीतामऊ में हिंदू धार्मिक त्योहारों के अवसर पर एक हिंदू धार्मिक स्थल पर गंदगी होने के कारण मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने आगे आकर साफ-सफाई की। इस पहल के माध्यम से उन्होंने सामाजिक सौहार्द, आपसी सहयोग और हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया।ाँ मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि इन दिनों धार्मिक त्योहारों का दौर चल रहा है। ऐसे में धार्मिक स्थलों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल चाहे हिंदू समाज के हों, मुस्लिम समाज के या किसी अन्य समुदाय के, सभी का सम्मान किया जाना चाहिए। धार्मिक आस्था का सम्मान और स्वच्छता बनाए रखना सामाजिक जिम्मेदारी भी है। धार्मिक स्थल के नजदीक उनकी दुकानें होने के कारण आसपास साफ-सफाई रखना उनका फर्ज भी है। इस पहल ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि आपसी सहयोग और सद्भाव से समाज में एकता मजबूत होती है। धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर एक-दूसरे की मदद करना ही सच्चे भाईचारे की पहचान है।

दूसरी ओर नगर में स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल

त्योहारों के दौरान नगर में जगह-जगह गंदगी दिखाई देने को लेकर नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।नगर पंचायत के सीएमओ की उदासीनता चर्चा का विषय बनी हे ।स्थानीय स्तर पर स्वच्छता अभियान में नगर की रैंकिंग का उल्लेख किया जाता है, लेकिन नागरिकों के अनुसार जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था में और सुधार की जरूरत है। ऐसे में नगर परिषद को धार्मिक स्थलों सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

जिम्मेदार इनके सामने से ही आंखे मूंद कर निकल रहे हैं

शक्ति की आराधना के महापर्व पर रस्सी के सहारे जिंदगी चलाने को मजबूर मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



कहने को तो सरकारों द्वारा बेटियों को बचाने, बालश्रम रोकने के लिए कई कानून बना रखे है और ऐसे मासूमों के पुर्नवास व विभिन्न योजनाओं में लाभावित्त करने के बड़े बड़े दावे किए जाते है। लेकिन धरातल पर हकीकत कोसों दूर दिखाई देती है। यही कारण है कि शक्ति की आराधना के महापर्व के दौरान ही रस्सी के सहारे बालिकाएं अपनी व अपने परिवार की जिंदगी चलाने को मजबूर हो रही है और इसके लिए जिम्मेदार इनके सामने से ही आंखे मूंद कर निकल रहे है।

शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्रि चल रही है। भारतीय संस्कृति में कुंवारी कन्याओं को देवी स्वरूपा माना जाता है। इसी के चलते इस महापर्व के दौरान कन्या पूजन की भी परंपरा है। ऐसे समय मे और वह भी माँ बगलामुखी की नगरी में जहाँ नवरात्रि पर्व वर्ष का सबसे बड़ा पर्व माना जाता है मासूम बच्चियां सड़क किनारे डंडे गाड़कर उनमें रस्सी बांधकर अपनी जान जोखिम में डालकर उस पतली सी रस्सी पर चलकर करतब दिखा रही है। दस से पंद्रह मिनिट करतब दिखाने के बाद आसपास खड़े लोगों से पैसे मांग रही है जिसमे एक स्थान पर बीस से पचास रुपये इकठ्ठे कर कुछ दूरी पर फिर वही करतब दिखा रही है। ये मासूम बच्चियां स्वयं व अपने परिवार के पालन पोषण के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रही है। जबकि वर्षो से सरकारों द्वारा बेटियों को बचाने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,लाडली लक्ष्मी योजना जैसी कई योजनाएं चला रखी है साथ ही बालश्रम रोकने के लिए भी कई प्रकार के कानून बना रखे है लेकिन लगता है कि इन योजनाओं तक या इन कानूनों तक इन मासूमो की पहुंच नही है।

आश्चर्यजनक तथ्य यह भी है कि नवरात्रि पर्व के दौरान जिस मार्ग पर ये मासूम करतब दिखा रही है उसी मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो ऐसे जिम्मेदार निकल रहे है जिन पर इन योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है और ऐसे कई अधिकारी निकल रहे है जिन पर बालश्रम रोककर इनके पुर्नवास की जिम्मेदारी है। लेकिन लगता है कि वे सभी आंखे मूंदकर निकल रहे है या देखकर भी अनदेखा कर रहे है। अब सवाल यह उठता है कि लगभग 12 वर्षो से केंद्र में और लगभग 22 वर्षो से प्रदेश में अंत्योदय को प्रतिपादित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पदचिन्हों पर चलने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी का शासन है फिर भी आज तक अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ क्यो नही पहुंच पा रहा है ? यदि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंच जाता तो हो सकता कि ऐसे दृश्य सड़कों पर दिखाई नही देते। लगता है कि इन योजनाओं का लाभ अपात्रों द्वारा लिया जा रहा है और वास्तविक पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंच ही नहीं पा रहा है।

खबर संक्षेप

12 वर्षों से घुटनों के बल कर रहे माता के दर्शन



देवास। गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के संकल्प के साथ गौ सेवक मित्र मंडल के सचिन प्रजापति ने मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के घुटनों के बल चलकर दर्शन किए। सचिन प्रजापति ने संकल्प लिया है कि जब तक गौ माता को राष्ट्र माता घोषित नहीं किया जाता, तब तक वे घुटनों के बल चलकर माता के दर्शन करेंगे और गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिलने की प्रार्थना करेंगे।सचिन प्रजापति ने बताया कि वे पिछले 12 वर्षों से अपने संकल्प का पालन कर रहे हैं। उनका कहना है कि गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा मिले, इसी कामना के साथ वे मां चामुंडा और मां तुलजा भवानी के दरबार में पहुंचकर प्रार्थना करते हैं। उन्होंने माता से गौ माता को जल्द से जल्द राष्ट्र माता घोषित किए जाने की प्रार्थना की। इस अवसर पर गौ सेवक मित्र मंडल के सदस्य पृथ्वी चंदेल, राजपाल पंवार, मोहित राव, सुमित, संजय, यश और दीपक सहित अन्य गौ सेवक मौजूद रहे। सदस्यों ने भी गौ सेवा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने की कामना की।

शहर में 2035 की जरूरतों के अनुरूप निगम बनाएगा जल प्रबंधन प्लान

एसीएस ने की विकास कार्यों की समीक्षा, सीवरेज कनेक्शन व ट्रीटेड वॉटर के उपयोग पर दिया जोर

शहर की आगामी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एसीएस संजय दुबे ने आयुक्त दलीप कुमार के साथ नगर निगम में विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने शुक्रवार को नगर निगम देवास पहुंचकर शहर में संचालित विकास योजनाओं और महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने उनका स्वागत किया।

इसके बाद निगम के बैठक हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में जल प्रदाय, सीवरेज प्रबंधन, अमृत 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना और सीएंडडी वेस्ट के पुनः उपयोग सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव ने वर्ष 2035 तक की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए शहर की जल वितरण व्यवस्था और ट्रीटेड वॉटर के समुचित उपयोग की योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

पेयजल पहुंचाने बनेगा प्लान

बैठक में अपर मुख्य सचिव दुबे ने देवास की जनसंख्या, पेयजल आपूर्ति, वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली, जल टंकियों की संख्या और प्रतिदिन संग्रहित एवं सप्लाई किए जाने वाले पानी की मात्रा की जानकारी ली। उन्होंने शहरवासियों को प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ठोस योजना तैयार करने पर जोर दिया। साथ ही जल संरक्षण, पानी की बचत और दुरुपयोग रोकने के लिए नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। अमृत 2.0 जल प्रदाय योजना की प्रगति और शेष कार्यों की भी समीक्षा की गई। निगम आयुक्त कुमार ने बताया कि योजना पूरी होने के बाद शहर में जल प्रदाय के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

अभियान और अन्य योजनाओं की समीक्षा

अपर मुख्य सचिव दुबे ने जल ही अमृत अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित एवं प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर उन्हें निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना, अमृत 1.0 एवं 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और नगर निगम के आय स्रोतों पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों को शहर के समग्र विकास, पेयजल व्यवस्था में सुधार, जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता संबंधी कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

सीवरेज कनेक्शन पर जोर

सीवरेज परियोजना की समीक्षा करते हुए अपर मुख्य सचिव दुबे ने शहर में बिछाई गई सीवर लाइनों से शत-प्रतिशत घरों को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवरेज का पानी नालों और नदियों में जाने से रोकना जरूरी है, ताकि जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सके। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से प्राप्त उपचारित पानी यानी ट्रीटेड वॉटर का उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है, इस पर भी चर्चा की गई। परियोजना के पूर्ण होने से सीवरेज कनेक्शन का विस्तार होने के साथ क्षिप्रा नदी के शुद्धिकरण और नागधम्मन नाले के प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों को सीवरेज प्रबंधन के कार्य समयसीमा में पूरे करने के निर्देश दिए गए।

वेस्ट से बनेंगे पेवर्स ब्लॉक

बैठक में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) के पुनर्चक्रण पर भी चर्चा हुई। आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि देवास के ट्रेंचिंग ग्राउंड में सीएंडडी वेस्ट प्लांट का काम चल रहा है। प्लांट तैयार होने के बाद निर्माण अपशिष्ट को रिसाइकिल कर उससे पेवर्स ब्लॉक बनाने में सामग्री के उपयोग का प्रस्ताव है। अपर मुख्य सचिव दुबे ने शहर में लगाए जाने वाले पेवर्स ब्लॉक में पुनर्चक्रित सामग्री से बने ब्लॉकों का उपयोग करने के निर्देश दिए। इससे निर्माण अपशिष्ट के बेहतर प्रबंधन और संसाधनों के पुनः उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।

माता टेकरी पर खोया पर्स पुलिस ने ढूंढकर महिला को लौटाया

पर्स में रखे रुपये, मोबाइल सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शारदीय नवरात्रि के दौरान माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता में तैनात देवास पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक महिला का खोया हुआ पर्स ढूंढकर उसे सुरक्षित लौटा दिया। पर्स में 2 हजार रुपये नकद, कीमती मोबाइल फोन और बच्चे की दूध की बोतल रखी थी। सामान वापस मिलने पर महिला ने राहत महसूस की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उज्जैन जिले के नरवल निवासी दीक्षा प्रजापति अपने पति ऋतिक प्रजापति के साथ माता टेकरी पर दर्शन करने आई थीं। अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में बच्चे को संभालने के दौरान उनका पर्स कहीं गिर गया। जब वह छोटी माता मंदिर पहुंचीं और बच्चे के दूध के लिए रोने पर बोतल निकालने लगीं, तब उन्हें पर्स गुम होने का पता चला।महिला ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी दी। इसके बाद निरीक्षक सविता सिंह और प्रधान आरक्षक मदन डोडियार ने तकनीकी सहायता से पर्स की तलाश शुरू की। प्रधान आरक्षक सचिन चौहान ने भी तलाश में सहयोग किया। पुलिस टीम के प्रयासों से खोया हुआ पर्स और उसमें रखा सामान सुरक्षित मिल गया, जिसे महिला को सुपुर्द कर दिया गया।एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में नवरात्रि के दौरान माता टेकरी पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन और आवश्यक सहायता के लिए पुलिस व्यवस्था की गई है। देवास पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि माता टेकरी पर दर्शन के दौरान अपने मोबाइल, पर्स और अन्य कीमती सामान का ध्यान रखें तथा भीड़भाड़ में बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। कोई सामान गुम होने या सहायता की आवश्यकता होने पर तत्काल ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से संपर्क करें अथवा आपात स्थिति में डायल-112 पर सूचना दें।

महारानी चिमनाबाई स्कूल के शिक्षकों ने छात्राओं को कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर के ऐतिहासिक व प्राचीनतम कन्या विद्यालय महारानी चिमनाबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, देवास में इस वर्ष नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर एक सराहनीय एवं अनुकरणीय पहल की गई। विद्यालय की प्राचार्य सपना सिंह भदौरिया की प्रेरणा से विद्यालय परिवार द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में स्टाफ सदस्यों ने भक्तिभाव एवं मनोभाव से कन्याओं का पाद पूजन किया और उन्हें विशेष उपहार (गिफ्ट) वितरित कर उनका आशीर्वाद लिया। इसी श्रृंखला में शनिवार को विद्यालय परिसर में समस्त छात्राओं के लिए खीर, पूड़ी और भजिये तथा फलाहार बनवाकर विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने आपसी सहयोग से स्वेच्छा से राशि एकत्र की और पूरे सेवा भाव के साथ व्यवस्थाएं संभालीं। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष राखी भोंसले एवं वार्ड पार्षद आलोक साहू विशेष रूप से उपस्थित थे । विद्यालय की छात्राओं के अलावा संकुल अंतर्गत अन्य शालाओं की छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था ।कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य महेश मिश्रा, मनोहर सोलंकी, राजेश व्यास, दीपक यादव, कोन्टिल्य नायक, अंकित गरासिया, दीपाली मिरजकर सहित विद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ का विशेष एवं सक्रिय योगदान रहा।

गरबा महोत्सव में पहुंचीं साध्वी हर्ष गिरी, मां दुर्गा और मां लक्ष्मी की प्रस्तुति ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मौरासा



शारदीय नवरात्रि के दौरान बस स्टैंड स्थित न्यू लायंस क्लब के गरबा पंडाल में प्रतिदिन रंग-बिरंगे परिधानों में बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गरबा नृत्य से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। न्यू लायंस क्लब के गरबा महोत्सव में साध्वी हर्ष गिरी मां ने पहुंचकर श्रद्धालुओं की उपस्थिति बढ़ाई। वहीं, वाराणसी से आए सोनू मनमौजी, विकराल महादेव और उनकी टीम ने आकर्षक धार्मिक प्रस्तुतियां दीं। इंदौर से आई मंजूश्री ने मां लक्ष्मी और शेरावाली माता के स्वरूप की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में महाआरती के साथ वाराणसी के कलाकारों द्वारा महिषासुर तांडव और मां दुर्गा के जीवंत स्वरूप की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रही। इन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर और अनिल चावड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। महोत्सव के आयोजक नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, जय सिंह राणा, छोटूलाल लोधी और अश्विन जायसवाल रहे। आयोजन के अंत में न्यू लायंस क्लब के रोहित जायसवाल ने सभी अतिथियों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

भौरासा में लोधी समाज ने निकाली 101 फीट लंबी चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शनिवार को भौरासा नगर में लोधी समाज द्वारा 101 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश धारण किए महिलाओं की कतारें, ढोल-बैंड की गूंज और माता रानी के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। पिछले दो वर्षों से लगातार निकाली जा रही कलश चुनरी यात्रा इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजित की गई। नगर में जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।यात्रा का शुभारंभ सुबह 9 बजे बावड़ी वाली माताजी मंदिर से हुआ। मातृशक्ति सिर पर कलश धारण कर और हाथों में चुनरी लेकर चल रही थी। यात्रा में अखिल भारतीय लोधी राजपूत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर भी यात्रा में पहुंचे। उनके साथ अनिल चावड़ा, जय सिंह राणा, प्रदीप मंत्री, मनोहर सिंह यादव, कल्लू ठाकुर, नरेंद्र माली और प्रेमचंद सेठी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के साथ सहभागिता की।छोटे हनुमान चौक पर राजेंद्र यादव, जीवन सिंह ठाकुर, भादर सिंह भाटिया सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी चुनरी यात्रा का स्वागत किया और इसमें शामिल होकर धार्मिक सद्भाव का परिचय दिया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण, आयुक्त ने की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर निगम देवास द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के बाद निगम आयुक्त दलीप कुमार ने डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा कर वाहन चालकों और हेल्परों को निर्धारित रूट के अनुसार सभी वार्डों में नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी क्षेत्र में कचरा संग्रहण छूटने या कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार निजी होटल में फीडबैक फाउंडेशन के तत्वावधान में 'वेस्ट कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन एवं सिटीजन इंगेजमेंट' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान फीडबैक फाउंडेशन के चेतन अत्रे ने गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण, फील्ड सुपरविजन तथा मैदानी स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान की जानकारी दी। वहीं, संदीप सोनी ने आईईसी, आरआरआर और नागरिकों के व्यवहार में बदलाव लाने के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन स्वच्छ भारत मिशन के अरुण तोमर ने किया तथा आभार विशाल जोशी ने माना।

नवदुर्गा चल समारोह के पूर्व निगमायुक्त ने एमजी रोड का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नवदुर्गा चल समारोह की तैयारियों को लेकर नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार ने शुक्रवार को एमजी रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं अन्य निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नाला निर्माण, सीवरेज लाइन, विद्युत लाइन शिफ्टिंग और सीसी रोड निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।आयुक्त ने नॉवेल्टी चौराहे से पिपली बाजार तक पैदल भ्रमण कर विद्युत पोल शिफ्टिंग के कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत लाइन बिछाने का कार्य पूरी तरह होने के बाद उसकी जांच की जाए और इसके बाद ही पोल शिफ्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो।नवदुर्गा चल समारोह को ध्यान में रखते हुए आयुक्त ने निगम के सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी को समारोह से पहले एमजी रोड की समुचित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चल समारोह के मार्ग पर स्वच्छता और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए।

सेन थॉम एकेडमी के विद्यार्थियों ने जीती अंतरविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सेन थॉम एकेडमी, भोपाल रोड के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के अंतर्गत देवास सहोदया स्कूल्स कॉम्प्लेक्स के तत्वावधान में आयोजित कक्षा पहली एवं दूसरी की सहोदया अंतरविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन ज्ञान सागर एकेडमी द्वारा किया गया, जिसमें 22 विद्यालयों के 88 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।सेन थॉम एकेडमी के नन्हे खिलाड़ियों ने अद्भुत प्रतिभा, दृढ़ संकल्प एवं खेल भावना का परिचय देते हुए दो स्वर्ण और दो रजत पदक अपने नाम किए। कक्षा पहली के अद्वैत सोलंकी तथा कक्षा दूसरी के मितांश बालचंद्र काले ने स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं, कक्षा पहली की अवनी नरोलिया तथा कक्षा दूसरी की तरुणा ओसारी ने रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विद्यालय प्रबंधन एवं प्राचार्य ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए सभी नन्हे विजेताओं और उनके प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।

500 गांवों व 350 मोहल्लों के हजारों स्वयंसेवक पथसंचलन में होंगे सम्मिलित

जिले में 125 पथ संचलन होंगे आयोजित, तैयारी पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना सन 1925 में विजयादशमी के पावन अवसर पर नागपुर में हुई थी, इस वर्ष संघ की स्थापना को 101 वर्ष पूर्ण हो रहे है। विजयादशमी पर्व एवं संघ स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे देश में पारंपरिक पथ संचलनों का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष देवास जिले में ऑक्टोबर एवं नवंबर माह में कुल 125 मंडल, बस्ती एवं नगर पथ संचलन निकाले जाएंगे, इन संचलनों में जिले के 500 से अधिक गांवों एवं 350 से अधिक मोहल्लों के हजारों स्वयंसेवक सम्मिलित होंगे। पूर्ण गणवेश में अनुशासित कदमताल करते हुए स्वयंसेवक राष्ट्रभक्ति, सामाजिक समरसता, संगठन एवं राष्ट्रीय चेतना का संदेश देंगे। देवास जिले में इन आयोजनों को लेकर विभिन्न नगरों एवं मंडलों में तैयारियां की जा रही हैं। इस अवसर पर सभी स्थानों पर भारत माता एवं शस्त्र का पूजन भी किया जाएगा। अनेक स्थानों पर अस्थाई साहित्य विक्रय केंद्र एवं गौउत्पाद केंद्र भी लगाए जाएंगे



नगर में आयोजित होंगे 46 पथसंचलन

देवास नगर में इस वर्ष सर्वाधिक 46 पथ संचलन निकलेंगे। 32 बस्तियों के बस्ती पथ संचलन निकाले जाएंगे जो बस्ती के विभिन्न मोहल्लों के मार्ग को तय करेंगे। इसी प्रकार बाल स्वयंसेवको के 13 पथ संचलन एवं महाविद्यालय विद्यार्थियों का एक पथ संचलन निकलेंगे ग्रामीण अंचल के सभी 63 मंडल में पथ संचलन निकाले जाएंगे जिनमे 500 से अधीक गांवों के स्वयंसेवक सहभागी होंगे। इसी प्रकार जिले के अन्य नगरों में भी एसंचलन निकाले जाएंगे। सोनकच्छ में 4, हाटपिपल्या में 3, करनावद, पिपलरवा, टोंकखुर्द एवं भोरासा में 2-2 पथसंचलन निकलेंगे। सोनकच्छ नगर में 3 बस्ती पथसंचलन का संगम भी होगा।

जमीन से प्रकट हुईं मां भुवनेश्वरी देवी की पूरा गांव करता है आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



तहसील सोनकच्छ के गंधर्वपुरी गांव में मां भुवनेश्वरी मंदिर करीब 400 साल पुरानी आस्था और परंपरा का केंद्र माना जाता है। स्थानीय मान्यता है कि मां की प्रतिमा भूमि से प्रकट हुई थी। मंदिर की सबसे खास परंपरा यह है कि नवरात्रि के दौरान गांव में कहीं और घटस्थापना नहीं होती। पूरा गांव एक ही मंदिर में एकत्रित होकर मां की आराधना करता है। ग्रामीणों के अनुसार, पहले मंदिर में अखंड ज्योत के लिए तेल की व्यवस्था सरदार आंग्रे करते थे। वर्तमान में ग्रामीण आपसी सहयोग से अखंड ज्योत के लिए तेल एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करते हैं। नवरात्रि के दौरान अखंड ज्योत की परंपरा श्रद्धा के साथ निभाई जाती है।नवरात्रि में रात को मंदिर में महाआरती होती है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर माता की आराधना करते हैं। आरती के बाद छोटी-छोटी बालिकाएं माता के भजनों पर गरबा करती हैं। इसके बाद देर रात तक भजन-कीर्तन का दौर चलता है।

आज अष्टमी, कल महानवमी

अष्टमी पर मां महागौरी महानवमी पर सिद्धिदात्री की होगी पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



20 को मनाया जाएगा दशहरा : डा.ओम प्रकाश शास्त्री

शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत 18 अक्टूबर को दुर्गाष्टमी, 19 अक्टूबर को महानवमी तथा 20 अक्टूबर को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व मनाया जाएगा। यह जानकारी नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य एवं धर्मशास्त्र के विद्वान प्रो.डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने दी। उन्होंने ज्योतिषीय गणना एवं धर्मशास्त्रीय मान्यताओं के आधार पर तीनों पर्वों की धार्मिक महत्ता बताते हुए श्रद्धालुओं से विधि-विधान के साथ देवी आराधना करने का आग्रह किया। डा.शास्त्री ने बताया कि रविवार, 18 अक्टूबर को दुर्गाष्टमी के पावन अवसर पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा-अर्चना की जाएगी। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर मां भगवती की आराधना करेंगे तथा अपनी परंपरा के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान संपन्न करेंगे। नवरात्र में अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर देवी की उपासना कर श्रद्धालु सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार, 19 अक्टूबर को महानवमी के अवसर पर मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। नवरात्र के दौरान चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों का हवन एवं पूर्णाहुति भी परंपरा के अनुसार संपन्न की जाएगी। महानवमी पर श्रद्धालु देवी की आराधना के साथ व्रत का पारायण और अन्य धार्मिक क्रियाएं अपनी मान्यताओं के अनुरूप करेंगे। प्रो. डा.शास्त्री ने बताया कि मंगलवार, 20 अक्टूबर को विजयादशमी अर्थात दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विजयादशमी पर श्रवण नक्षत्र के विशेष योग के कारण पर्व का धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व और बढ़ जाता है। भारतीय संस्कृति में विजयादशमी धर्म की अधर्म पर, सत्य की असत्य पर तथा सदाचार की दुराचार पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में नवरात्र के प्रत्येक दिन की अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक महत्ता है। अष्टमी एवं महानवमी पर भगवती दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना तथा विजयादशमी पर देवी की विजयशक्ति का पूजन विशेष फलदायी माना गया है। साधक अपनी परंपरा एवं उपासना पद्धति के अनुसार दशमहाविद्याओं सहित भगवती के विभिन्न स्वरूपों की भी आराधना करते हैं। डा.शास्त्री ने श्रद्धालुओं, साधकों एवं उपासकों से अपील की कि वह अष्टमी, महानवमी और विजयादशमी के अवसर पर निर्धारित तिथियों तथा अपनी धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-अर्चना, जप, हवन और अन्य अनुष्ठान संपन्न करें। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में तिथि, नक्षत्र और शुभ मुहूर्त का विशेष महत्व है। इसलिए धर्मशास्त्रीय मान्यताओं के अनुरूप श्रद्धा एवं विधि-विधान से मां भगवती की आराधना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करें।

घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, भरण-पोषण आदि मामले आए

पिंक समाधान दिवस पर महिलाओं की समस्याओं का किया मौके पर निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मुख्यमंत्री के महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनपद में विशेष पिंक समाधान दिवस का भव्य आयोजन तहसील महरौनी में किया गया। इस विशेष दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों, समस्याओं और कतिपय विवादों का एक ही छत के नीचे अत्यंत संवेदनशीलता और त्वरित गति से निस्तारण करना रहा।

पिंक समाधान दिवस के दौरान भारी संख्या में आई महिला फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया। आज के आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि प्राप्त शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर महिलाओं को तुरंत न्याय प्रदान किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, भरण-पोषण, और सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन, आवास से जुड़े मामले सामने आए, जिनका सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से ऑन-द-स्पॉट (मौके पर) शांतिपूर्ण समाधान कराया। जिन मामलों में विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनके लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें बनाकर मौके पर निस्तारण कराकर अनिवार्य रूप से आख्या प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए गए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। पिंक समाधान दिवस के माध्यम से हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी पीड़ित महिला को अपनी शिकायत के समाधान के लिए भटकना न पड़े। पुलिस और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ उनकी हर समस्या का त्वरित समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

तहसीलवार मिली शिकायतें

- तहसील ललितपुर में कुल 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 02, राजस्व पुलिस के संयुक्त 05, पुलिस के 02, चकबंदी के 03, विद्युत के 04 तथा अन्य विभागों के 07 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।
- तहसील तालबेहट में कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 10, पुलिस के 13, जल संस्थान का 01, समाज कल्याण का 01, विद्युत के 04, पूर्ति के 06 तथा अन्य विभागों के 20 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया।
- तहसील महरौनी में कुल 84 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 56, पुलिस के 05, विकास के 05, चकबंदी के 04, पूर्ति के 02, विद्युत के 02, नगर पंचायत के 04 तथा अन्य विभागों 06 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 10 का मौके पर निस्तारण कराया गया।
- तहसील मड़ावरा में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 06 तथा विकास के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया।
- तहसील पाली में कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 12, चकबंदी के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, क्षेत्राधिकारी महरौनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की ख्याति

डा. आकाश खैरा का शोधालेख अमेरिकन जर्नल में प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिले के अस्थि रोग विशेषज्ञ डा.आकाश खैरा का अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नल में शोधपत्र प्रकाशित हुआ है। यह ललितपुर जिले के साथ देश के लिये गर्व का पल है। डा.आकाश खैरा का शोधपत्र विश्व विख्यात लेखक वोल्टर्स क्लूवर द्वारा प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका टैक्नीक्स इन ऑर्थोपेडिक्स में हाल ही में प्रकाशित हुआ है। इस पत्रिका में विश्व के चुनिंदा सर्जन्स के शोधालेख प्रकाशित होते हैं।

डा.खैरा के साथ इस लेख के सह लेखक पूना के डा.संदीप पटवद्धन, डा.विवेक सोढ़ी, डा.आयुष काले हैं। इस शोधपत्र का शीर्षक परक्यूटेनियस डुअल लेबिल स्टेबलाइजेशन फॉर पीडिएट्रिक फ्लोटिंग फोरआर्म इंजरीज ए नोबल एप्रोच है। इसमें बच्चों के कोहनी से कलाई तक के हिस्से में एक साथ ऊपरी और निचले स्तर पर होने वाले दुर्लभ एवं जटिल फ्रैक्चर के उपचार की नवीन तकनीक का वर्णन किया गया है।

बच्चों में हाथ की हडिडयों के जटिल फ्रैक्चर के उपचार की आधुनिक एवं न्यूनतम चीरा लगाने वाली तकनीक पर उनका यह शोधपत्र पूरी दुनियां में प्रकाशित हुआ है। इसमें कलाई के ऊपरी हिस्से की हड्डी को इंट्रामेडुलरी नेल तथा कलाई के पास की हड्डी को पिन की सहायता से स्थिर किया जाता है। इस तकनीक का उद्देश्य हड्डियों को सही स्थिति में बनाए रखना, आसपास के कोमल ऊतकों को कम से कम नुकसान पहुँचाना और बेहतर कार्यात्मक रिकवरी में सहायता करना है। यह प्रकाशन बाल अस्थि रोग चिकित्सा के क्षेत्र में जटिल चोटों के उपचार संबंधी अनुभव और वैज्ञानिक जानकारी साझा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण योगदान है। डा.आकाश खैरा की इस उपलब्धि से ललितपुर के अस्थिरोग चिकित्सा जगत में खुशी का माहौल है।

वैश्विक स्तर पर मिली ख्याति

वोल्टर्स क्लूवर द्वारा प्रकाशित अंतर्राष्ट्रीय त्रैमासिक पत्रिका टैक्नीक्स इन ऑर्थोपेडिक्स चिकित्सा जगत में विश्व विख्यात जर्नल है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर के वह लेख प्रकाशित होते हैं जिनसे पूरी दुनिया का सरोकार है। डा.आकाश खैरा के शोधालेख के इस पत्रिका में प्रकाशन पर पूरी दुनियां के चिकित्सा विशेषज्ञ और शुभचिंतक बधाईयाँ दे रहे हैं।

एडीएम नमामि गंगे ने दिया आश्वासन

बैठक में पूर्व सैनिकों की लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सैनिक बंधु की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) संजय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और दिवंगत सैनिकों की विधवाओं की समस्याओं को सुना गया। इस दौरान लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के प्रारंभ में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल आशीष अहलूवालिया (अ.प्रा.) ने अपर जिलाधिकारी संजय मिश्रा का आभार व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा भूतपूर्व सैनिकों, उनके परिवारों और आश्रितों के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने योजनाओं के माध्यम से मिलने वाले लाभों से भी उपस्थित लोगों को अवगत कराया। बैठक में पिछली सैनिक बंधु बैठक के दौरान उठाई गई समस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की गई। साथ ही लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा हुई।

समीक्षा के दौरान सामने आया कि कुछ समस्याओं का समाधान किया जा चुका है, जबकि कई प्रकरण अभी लंबित हैं। इस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शेष समस्याओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए उनका निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी संजय मिश्रा ने पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों और वीर नारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित लोग नियमित रूप से सैनिक बंधु की बैठकों में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखें, ताकि उनका समयबद्ध समाधान किया जा सके। समस्याओं के समाधान, लंबित मामलों की प्रगति और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर विशेष जोर दिया गया। भरोसा दिलाया गया कि पूर्व प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वाहन उपलब्ध कराया

गो सेवा गोविंद सेवा को भेंट किया पशु चिकित्सा वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



श्रीश्री 1008 तुवन सरकार की पतित पावन धरा पर महंत श्रीरामलखन दासजी महाराज (दिगंबर अखाड़ा) के सानिध्य में बजाज समूह की ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत बुंदेलखंड में गौ सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था गौ सेवा गोविंद सेवा संस्थान को एक आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन प्रदान किया।

इस पहल से घायल, बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त गौवंश को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। महंत ने कहा कि गौ सेवा भारतीय संस्कृति, करुणा और सेवा भाव का महत्वपूर्ण अंग है। घायल और असहाय गोवंश को समय पर उपचार उपलब्ध कराना पुण्य के साथ-साथ हमारा सामाजिक दायित्व भी है। बजाज समूह द्वारा पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। इससे गौवंश की सेवा और उपचार के कार्य को मजबूती मिलेगी। एलपीजीसीएल के सीईओ ए.एन. सार ने कहा कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व का उद्देश्य समाज की वास्तविक आवश्यकताओं से जुड़कर सकारात्मक बदलाव लाना है। गौवंश के उपचार और देखभाल के लिए आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन उपलब्ध कराना इसी दिशा में हमारा प्रयास है। हमें आशा है कि इस वाहन के माध्यम से जरूरतमंद पशुओं तक समय पर सहायता पहुंच सकेगी और क्षेत्र में संचालित गौ सेवा के कार्यों को प्रोत्साहन मिलेगा। गो सेवा गोविंद सेवा संस्थान एवं गो पुत्र सेना के गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला ने कहा कि बुंदेलखंड में गोवंश की सेवा करते समय घायल और बीमार पशुओं को समय पर उपचार दिलाना एक बड़ी चुनौती रहती है। बजाज समूह द्वारा उपलब्ध कराया गया यह आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन गोसेवकों के लिए महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगा। इससे जरूरतमंद गोवंश तक पहुंचने और उनके उपचार की व्यवस्था करने में मदद मिलेगी। बजाज समूह की इस पहल को क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व, जीव दया और गो संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। औद्योगिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के बीच इस प्रकार का सहयोग स्थानीय स्तर पर जनसेवा के कार्यों को नई गति दे सकता है। गौ सेवा गोविंद सेवा संस्थान और गो पुत्र सेना के कार्यकर्ताओं ने इस सहयोग के लिए बजाज समूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आकस्मिक पशु चिकित्सा वाहन के माध्यम से घायल, बीमार एवं असहाय गोवंश की सहायता करने के प्रयासों को और प्रभावी बनाया जाएगा। इस दौरान सीईओ ए.एन. सार, वाइस प्रेसिडेंट राजीव श्रीवास्तव, सीएसआर हेड राजेन्द्र सिंह, हेड ई.एच.एस. दीपक आनंद तथा ए.जे.एम. अनुराग चौबे उपस्थित रहे। वहीं गौ सेवा गोविंद सेवा संस्थान एवं गौ पुत्र सेना की ओर से गौ पुत्र प्रशांत शुक्ला, सचिन जैन, अधिवक्ता पुष्पेंद्र सिंह चौहान, मनीष दुबे, अनुज शर्मा, अभिषेक दुबे, अनुज कांत, सोनू चौबे, अज्जू बाबा, ब्रजेश झा, दीनदयाल विश्वकर्मा, उमेश सुड़ले, सचिन चतुर्वेदी, रविंद्र सिंह, रवि राजा, रवि ठाकुर, दीपक अग्रवाल एवं सतेंद्र सिंह यादव सेतु सहित अनेक गौसेवक उपस्थित रहे।

ललितपुर विधानसभा के ग्राम बछरावनी में जुटे बसपा कार्यकर्ता

बहुजन समाज के महापुरुषों के विचारों व पर की गई चर्चा

ललितपुर। सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बछरावनी में बहुजन समाज पार्टी की ओर से कैडर कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें पार्टी की विचारधारा, बहुजन समाज के महापुरुषों के संघर्ष, सामाजिक परिवर्तन और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा गांव-गांव में संगठन की सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया गया। आगामी वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी लालाराम अहिरवार रहे, जबकि अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी



प्रसाद बौद्ध ने की। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी राजनीतिक संगठन की ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। बूथ स्तर पर सक्रियता, आपसी समन्वय और जनता के बीच निरंतर संपर्क से ही संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। कैडर कैम्प में बहुजन समाज के महापुरुषों के विचारों एवं उनके संघर्षों को याद करते हुए शिक्षा, संगठन और संघर्ष के महत्व पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से समाज के वंचित, शोषित और जरूरतमंद वर्गों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने तथा संवैधानिक तरीके से उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित न रहें, बल्कि आमजन से निरंतर संपर्क बनाए रखें। स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने, नए लोगों को पार्टी की विचारधारा से परिचित कराने और संगठन के पदाधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी दीपक कुमार अहिरवार, जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड., संजय कुमार चौधरी, संतोष अहिरवार, ठाकुरदास अहिरवार, गिरधारी लाल अहिरवार, मनोज कुमार प्रजापति, पं.राकेश रिछारिया, अजय यादव, जगत सिंह यादव, बज्जू अहिरवार, मनोज रजक, जुगल किशोर, दीपक दशरारा, अखिलेश दशरारा, मनीराम दशरारा, पंकज दशरारा, बृजेश

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण कर मतदाताओं से कैंप का लाभ उठाने कहा

ललितपुर । निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के पश्चात, निर्वाचक नामावली में पंजीकरण से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा मतदाताओं के नाम सम्मिलित किए जाने हेतु आज जनपद के सभी पोलिंग बूथों पर विशेष अभियान संचालित किया गया, जहां बीएलओ द्वारा (बूथ लेवल अधिकारी) सुबह 10 से शाम 4 बजे तक उपस्थित रहकर फार्म 6, फार्म 7 एवं 8 से संबंधित कार्यवाही की गई। इस अभियान की समीक्षा हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्य प्रकाश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार व अन्य उप जिलाधिकारियों ने विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया और मौजूद बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। यहां जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन



अधिकारी ने महरौनी में आयोजित पिंक समाधान दिवस के उपरान्त महरौनी क्षेत्र के किसरदा और समोगर पोलिंग बूथों पर जाकर सम्बंधित बीएलओ से फार्म 6, 7 एवे 8 की समीक्षा की और उन्हें आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराया। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व आवश्यक संशोधन कराने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने जनसामान्य से अपील की कि वे स्वयं या उनके परिचित में कोई भी ऐसा व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं है या संशोधन की स्थिति में है तो आगामी 24 अक्टूबर को सभी बूथों पर फिर से विशेष कैम्प आयोजित किया जाएगा, अपने नजदीकि बूथ पर जाकर अनिवार्य रूप से सम्बंधित फार्म भर दें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिनेश कुमार, उप जिलाधिकारी सदर हेमंत पटेल व अन्य अधिकारीगणों ने भी पोलिंग बूथों पर जाकर अभियान की समीक्षा की, बूथों पर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) द्वारा फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 भरवाए जा रहे थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेई व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अमझरा घाटी गोशाला में निर्मित गोबर आधारित बायोचार मृदा संवर्धक की निर्यात खेप संयुक्त अरब अमीरात रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सर्किट हाउस में आयोजित समारोह में अमझरा घाटी गोशाला, नाराहट में निर्मित 100% गोबर आधारित बायोचार मृदा संवर्धक की प्रथम निर्यात खेप को संयुक्त अरब अमीरात (वअए) के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग शर्मा, सांसद, झाँसी ललितपुर लोकसभा क्षेत्र रहे। इस अवसर पर रामरतन कुशवाह विधायक (सदर), कैलाश नारायण निरंजन अध्यक्ष, जिला पंचायत तथा केदार नाथ तिवारी प्रतिनिधि बाबू लाल तिवारी, सदस्य विधान परिषद सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने इस पहल को गौसंरक्षण, प्राकृतिक कृषि, मृदा स्वास्थ्य संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि गोशालाओं में उपलब्ध गोबर को मूल्यवर्धित उत्पादों में परिवर्तित कर किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक बाजारों तक पहुँच बनाना आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करता है।

उल्लेखनीय है कि यह 100% गोबर आधारित बायोचार मृदा संवर्धक अमझरा घाटी गोशाला, नाराहट, जनपद ललितपुर में तैयार किया गया है, जिसका संचालन अटलांटिस एडवाइजरी प्रा. लि. द्वारा किया जा रहा है। यह उत्पाद मृदा की गुणवत्ता सुधारने, कार्बन संरक्षण, जल धारण क्षमता बढ़ाने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने में उपयोगी है। इस अवसर पर अटलांटिस एडवाइजरी के संचालक ज्ञानेश शर्मा एवं समीर शर्मा ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासन एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल गोशाला आधारित नवाचारों को वैश्विक पहचान दिलाने तथा भारत को सतत कृषि एवं पर्यावरणीय समाधान के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने संभाली विद्यालय की कमान

अनुष्का बनीं एक दिन की प्रधानाचार्या, सानवी उप-प्रधानाचार्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मिशन शक्ति अभियान-2026 के अंतर्गत बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने की योग्यता विकसित करने के उद्देश्य से पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल हाई स्कूल खड़ोवरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय संचालन की जिम्मेदारी एक दिन के लिए छात्राओं एवं विद्यार्थियों को सौंपी गई। में अनुष्का को एक दिन की प्रधानाचार्या तथा सानवी को उप-प्रधानाचार्या बनाया गया।

विद्यालय की कमान संभालने का अवसर मिलने पर विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन, शैक्षणिक गतिविधियों और अनुशासन व्यवस्था को समझने का अवसर मिला। छात्राओं ने नेतृत्व करते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं को जाना, वहीं अन्य विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिकाएं निभाईं। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव प्रदान करना और उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस विशेष गतिविधि के दौरान सारिका यादव, सोनम राजपूत, आरती, राशि, अर्चना, नेहा, राखी, आस्था, स्नेहा, राशि झा, प्रिंसी, सोनम, तनीश, सुंदरम, श्रेयांश एवं देव झा सहित अन्य विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के अध्यापक-अध्यापिकाओं की जिम्मेदारियां संभालीं। विद्यार्थियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुशासनात्मक गतिविधियों को समझते हुए अपने दायित्व निभाए। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को समयबद्धता, अनुशासन, आपसी सहयोग, टीम भावना और निर्णय लेने की क्षमता का व्यावहारिक अनुभव मिला। साथ ही उन्हें यह समझने का अवसर भी मिला कि विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए किस प्रकार जिम्मेदारी और समन्वय के साथ कार्य करना पड़ता है। मिशन शक्ति अभियान का प्रमुख उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना, उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान और समानता की भावना को प्रोत्साहित करना है। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नेतृत्व क्षमता को निखारने का अवसर प्रदान किया। इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक के साथ-साथ कुशल नेतृत्वकर्ता बनने के लिए प्रेरित होती हैं।

गोशालाओं के गोबर से होगा गैस उत्पादन, मिलेगा स्वच्छ व वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ

जिले में 40 घनमीटर क्षमता के बायो गैस संयंत्र का संचालन आरंभ किया





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रशासन द्वारा एक बायोगैस संत्रत्र का सफल संचालन आरंभ हुआ है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले की पहल पर यह प्लांट शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा गौशाला भ्रमण के दौरान बायोगैस संयंत्र का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान संयंत्र की व्यवस्था एवं गोशाला में उपलब्ध संसाधनों के उपयोग का अवलोकन किया गया। वर्तमान में संयंत्र का सफल संचालन प्रारंभ होना गौशाला में उपलब्ध गोबर के सदुपयोग एवं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

गोशाला के गोबर से बनेगी बायोगैस

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग एवं स्वच्छता को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में गौशाला में उपलब्ध गोबर का उपयोग बायोगैस उत्पादन के लिए किया जा रहा है। संयंत्र से उत्पादित गैस का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा किया जाएगा, जिससे उन्हें स्वच्छ एवं वैकल्पिक ऊर्जा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

कृषि कार्यों में भी मिलेगा इसका लाभ

बायोगैस संयंत्र के संचालन से गौशाला में एकत्रित गोबर का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, संयंत्र से प्राप्त अवशिष्ट पदार्थ का उचित उपयोग जैविक खाद के रूप में किया जा सकता है, जिससे कृषि कार्यों में भी लाभ मिलने की संभावना है।

सतत ऊर्जा के विकल्पों को मिलेगा प्रोत्साहन

ग्राम पंचायत उदनखेड़ी में बायोगैस संयंत्र का सफल संचालन ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत राजगढ़ के निर्देशानुसार इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने तथा स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा के विकल्पों को प्रोत्साहित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

यूं समझिए इस प्लांट को

यह प्लांट चलाने के लिए प्रतिदिन 100 के लगभग(400 किलो) पशुओं के गोबर की जरूरत होती है। यह लगभग 50-60 घंटे तक चूल्हा/बर्नर जलाने या अन्य ऊर्जा जरूरतों को पूर्ण कर सकता है। इससे 2 हजार लीटर जैविक खाद (लिक्विड बायो-फर्टिलाइजर) मिलेगा।

चिड़लावनिया-अमलारोड़ के बीच हादसा

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार, वैन की टक्कर से 5 वर्षीय की मौत, पिता घायल







हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच शुक्रवार को ओमनी वैन और बाइक की टक्कर में पांच वर्षीय मासूम की मौत हो गई। जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक पर सवार बच्चे की मां को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को पचोर में प्राथमिक उपचार देने के बाद शुजालपुर के निजी अस्पताल रेफर किया गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्थिति को देखते हुए चार थानों का पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा।

मृत्युभोज से लौट रहा था परिवार

जानकारी अनुसार, अमलारोड़ निवासी भगवानसिंह नागर शुक्रवार को अपनी पत्नी रीना नागर और पांच वर्षीय बेटे निर्भय उर्फ नमन के साथ देहरी बामन गांव में आयोजित मृत्युभोज में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के बाद तीनों बाइक से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान चिड़लावनिया और अमलारोड़ के बीच सारंगपुर से खुजनेर की ओर जा रही ओमनी वैन क्रमांक एमची 09 एएफ 8253 ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चला रहे भगवानसिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि रीना नागर को मामूली चोटें आईं।

चार थानों का पुलिस बल पहुंचा

हादसे की सूचना मिलने पर पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचीं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ओमनी वैन को कब्जे में लिया। घटना की जानकारी के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए। स्थिति को देखते हुए खुजनेर, लीमाचैहान और सारंगपुर थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। चारों थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली।

मासूम की मौत से परिवार में मातम

हादसे में पांच वर्षीय निर्भय उर्फ नमन की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रगतिशील लेखक संघ मंदसौर इकाई ने शताब्दी वर्ष पर किया स्मरण

'राही मासूम रज़ा की साहित्यिक विरासत आज भी समाज को नई दृष्टि देती है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

प्रगतिशील लेखक संघ, इकाई मंदसौर द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार, उपन्यासकार, शायर और पटकथा लेखक डॉ. राही मासूम रज़ा के शताब्दी वर्ष के अवसर पर साहित्यिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राही मासूम रज़ा के साहित्य, सामाजिक दृष्टिकोण, धर्मनिरपेक्ष मूल्यों और भारतीय समाज की बहुलतावादी संस्कृति को अभिव्यक्त करने वाली उनकी रचनात्मक भूमिका पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि राही मासूम रज़ा का साहित्य आज भी समाज को संवेदनशील, विवेकशील और मानवीय दृष्टि से देखने की प्रेरणा देता है।

असअद अंसारी, सचिव मंडल सदस्य, मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ ने अपने कहा कि राही मासूम रज़ा का साहित्य आम आदमी के जीवन, सामाजिक विषमताओं और सांप्रदायिकता के सवालों से गहरे रूप में जुड़ा हुआ है। उन्होंने हिंदी और उर्दू के बीच साहित्यिक संवाद को समृद्ध किया तथा अपनी रचनाओं के



माध्यम से भारतीय समाज की साझा संस्कृति को स्वर दिया। राही मासूम रज़ा का लेखन हमें अन्याय, भेदभाव और संकीर्ण मानसिकता के विरुद्ध खड़े होने की प्रेरणा देता है। हूर बानो सैफी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य, इप्टा ने कहा कि राही मासूम रज़ा की रचनाओं में आम इंसान का दर्द, रिश्तों की संवेदना और समाज की वास्तविक तस्वीर दिखाई देती है। उन्होंने साहित्य और सिनेमा दोनों माध्यमों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। उनके लेखन में मानवीय मूल्यों, सामाजिक न्याय और सांझी विरासत के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई देती है। उनकी रचनाएँ आज भी लोगों को आपसी प्रेम, सद्भाव और इंसानियत का संदेश देती हैं। लोकेश शर्मा ने राही मासूम रज़ा के जीवन, साहित्यिक योगदान और सम्मानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 1 सितंबर 1927 को उत्तर प्रदेश के ग़ाज़ीपुर जिले के गंगौली गाँव में हुआ था। वे प्रतिष्ठित उपन्यासकार, शायर, पटकथा लेखक और संवाद लेखक थे। उनके चर्चित उपन्यासों में आधा गाँव और टोपी शुक्ला शामिल हैं। भारतीय टेलीविजन धारावाहिक महाभारत के संवाद लेखन के लिए भी उन्हें व्यापक पहचान मिली तथा उन्हें पद्मश्री और अन्य सम्मानों से नवाज़ा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एडवोकेट कीर्तिनारायण कश्यप, अध्यक्ष, प्रगतिशील लेखक संघ, इकाई मंदसौर ने कहा कि साहित्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने और समय के सवालों से मुठभेड़ करने का सशक्त साधन है। राही मासूम रज़ा जैसे साहित्यकारों का स्मरण हमें साहित्य के सामाजिक दायित्व और मानवीय मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से पोते की मौत, दादा गंभीर

सारंगपुर। दादी की अस्थियों का विसर्जन करने उज्जैन जा रहे बाइक सवार दादा और पोते को शुक्रवार को नेशनल हाईवे पर एहसानपुरा के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 22 वर्षीय पोते की मौत हो गई, जबकि उसके 62 वर्षीय दादा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, सदाशिवगंज निवासी विकास पिता माखन सिंह (22) अपने दादा आत्माराम पिता करण सिंह (62) के साथ बाइक से उज्जैन जा रहे थे। दोनों दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए निकले थे। इसी दौरान



एहसानपुरा के समीप एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से दोनों को सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉ. गर्गी मालवीय ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के बाद डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आत्माराम की हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में शोक छा गया। जिस दादी की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए दादा-पोता उज्जैन जा रहे थे, उसी यात्रा के दौरान परिवार को यह दुखद घटना झेलनी पड़ी। अस्पताल में आवश्यक कार्रवाई के बाद मृतक विकास का पोस्टमार्टम किया जाएगा और शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

मंदसौर उद्यानिकी महाविद्यालय का 'विलेज अटैचमेंट' कार्यक्रम

किसानों के बीच रहकर रबी फसलों और बगीचों का प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त करेंगे विद्यार्थी



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ल के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के बीएससी उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्रों का कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेड़ा में एवं छात्राओं का कृषि विज्ञान केंद्र नीमच में चार माह के लिए संलग्नीकरण किया गया है।

उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ डीएच रानडे ने छात्रों से कहा कि आपको चार महीने के विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम के दौरान रबी मौसम में बोई जाने वाली उद्यानिकी फसलों एवं फलदार बगीचों के बारे में किसानों के साथ रहकर दक्षता पूर्वक प्रयोगात्मक जानकारी प्राप्त करना है जिससे आपके ज्ञान में वृद्धि होने के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो सके जिससे आप आगे चलकर कृषकों की समस्याओं का समाधान दक्षता पूर्वक कर सकें । इस दौरान रावे इंचार्ज डॉ एच पी सिंह ने बताया कि कुल 28 छात्रों को केवीके कालूखेड़ा एवं 15 छात्राओं को केवीके नीमच में भेजा गया है, वहीं पर सभी छात्र छात्राओं को गांव एवं कृषकों का आवंटन कर दिया जाएगा जहाँ पर पर स्थानीय परिस्थियों को समझकर उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तार से समझेंगे।

इस अवसर पर केवीके कालूखेड़ा में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी, वैज्ञानिक डॉ बरखा शर्मा, डॉ. रामधन घसावा, डॉ. जाखड़ एवं डॉ रोहिताश भदौरिया एवं केवीके नीमच में प्रधान वैज्ञानिक डॉ. सी पी पचौरी, डॉ. पी एस नरुका, डॉ. श्याम सिंह, डॉ. जे पी सिंह एवं महाविद्यालय से डॉ. रौशन गिलानी, डॉ. प्रदीप तुरुकमाने, डॉ. अल्पना कुम्हारे एवं डॉ. किरन सोनी आदि उपस्थित रहे।

राज्य शिक्षक संघ ने मंडलोई के निधन पर श्रद्धांजलि दी



मंदसौर। राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश जिला मंदसौर के वरिष्ठ पदाधिकारी पंकज मंडलोई कयामपुर के पिता बलवंत सिंह मंडलोई सेवानिवृत शिक्षक के असामयिक निधन पर राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव, दिनेश शुक्ला ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि मंडलोई शिक्षकों के हितों को लेकर कर्मचारी नेता के रूप में आपने सदैव तहसील से लेकर राज्य स्तर तक लड़ाई मैं सदैव अग्रणी रहे एवं शिक्षकों की समस्याओं एवं उनके हितों को लेकर कभी भी कोई समझौता नहीं किया गया। आपने कयामपुर शिक्षक हितकारी समिति 41वर्षों तक अध्यक्ष पद का सफल संचालन करते हुए लगभग आज 200 से अधिक शिक्षक साथी की संगठित समिति कयामपुर शिक्षक समाज को सौप करके गए हैं। इस अवसर पर नेपाल सिंह राणावत, हरि सिंह राठौड़, भगवती शर्मा, सुनील धनोतिया, दिलीप सेठिया, राजेश पुरोहित, कैलाश सूर्यवंशी, अमृतलाल भाटी, गोपाल सोनी, विजय पांडे, दिलीप राठौड़, कमल राठौर, बलवंत लोहार, डॉ. लक्ष्मीनारायण राठौर, राजेश गुप्ता, राकेश वर्मा आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या विशिष्ट महत्व रखती है : पवित्र रत्न

मंदसौर। जैन धर्म व दर्शन में साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या विशिष्ट महत्व रखती है। प्रभु महावीर ने अपने प्रवचन में स्वयं गौतमस्वामी को इसकी महत्ता बतायी है। नवपदजी की ओली में जो भी श्रावक श्राविकाएं आयम्बिल तप करते हुए नवपदजी की साधना करते हैं वे साश्वत सुख पाते हैं। उक्त उद्गार मुनिराज पवित्ररत्न विजय म. सा. ने कहे। आपने शनिवार को श्री प्रत्यक्षरत्न विजय जी म. सा. के सानिध्य में आयोजित धर्मसभा (प्रवचन) में कहा कि नवपदजी की ओली की तपस्या के दौरान श्रीपाल रास व श्रीपाल मैना सुंदरी की कथा सुनायी जाती है। श्रीपाल रास जो भी श्रावक-श्राविका 9 दिवस तक मनोभाव से पढ़ते हैं तथा श्रवण करते हुए उनके जीवन में साश्वत सुख स्वयं ही आ जाता है। मैना सुंदरी सहित 9 श्राविका जिनका विवाह श्रीपाल से हुआ था उनके जीवन में नवपद की धर्म आराधना से कैसे परिवर्तन आया यह जानना है तो श्रावक श्राविका को नवपद की धर्म आराधना के दौरान श्रीपाल रास को मनोभाव से श्रवण करना चाहिये। पतिव्रता स्त्री कैसी होती है पति को जीवन के प्रत्येक क्षण वह कैसे सहयोग दे सकती है यह सब ज्ञान हमें श्रीपाल रास से मिलता है।

नवपदजी की ओली की तपस्या प्रारंभ होगी

आराधना भवन नई आबादी ट्रस्ट अध्यक्ष दिलीप रांका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश जैन तहलका ने बताया कि 18 अक्टूबर रविवार से नई आबादी स्थित श्री आराधना भवन में साश्वत नवपदजी की ओली की तपस्या प्रारंभ हो रही है।

हेमलता कुंवर ने संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

मंदसौर। शासकीय महाविद्यालय दलौदा की बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा हेमलता कुंवर ने संभाग स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



मंदसौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में हेमलता ने मंदसौर जिले का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता में कु. हेमलता कुंवर ने शानदार खेल कौशल, टीम भावना एवं खेल के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए पहले उज्जैन की टीम को पराजित किया तथा फाइनल मुकाबले में रतलाम की टीम को हराकर संभाग विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय एवं मंदसौर जिले का नाम गौरवान्वित हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. रजाक मेवा फरोश एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कु. हेमलता कुंवर को बधाई दी।

बी.आर. नाहटा ट्रॉफी-2026 में देशभर के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

राष्ट्रीय वॉक प्रतियोगिता में छाईं युवा प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मंदसौर विश्वविद्यालय में आयोजित 'बी.आर. नाहटा ट्रॉफी-2026' राष्ट्रीय अंतर-विद्यालयीन वॉक प्रतियोगिता में देशभर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता और वक्तृत्व कौशल का प्रदर्शन किया। हिंदी और अंग्रेजी भाषा वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में 430 पंजीयन प्राप्त हुए, जबकि लगभग 260 विद्यार्थियों ने प्रथम चरण के लिए अपने वीडियो प्रस्तुत किए। हिमाचल प्रदेश, मुंबई, हैदराबाद, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रतियोगिता को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिली।

प्रतियोगिता के अंग्रेजी वर्ग में मंदसौर के वात्सल्य पब्लिक स्कूल



के सक्षम सिंह चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई स्कूल, मंदसौर के मोक्ष चौहान उपविजेता रहे। हिंदी वर्ग में गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल, शेरपुर की कृष्णा कुंवर ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रतलाम के आगम जैन उपविजेता रहे। दोनों भाषा वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 20-20 हजार तथा उपविजेताओं को 15-15 हजार की नकद राशि प्रदान की।

विशेषज्ञों ने किया प्रतिभागियों का मूल्यांकन

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. वीणा सिंह, राहुल जैन, प्रो. रवींद्र कुमार सोहोनी, सुश्री नीलिमा बजाजत्या और डॉ. सुशांत मक्साने शामिल रहे। निर्णायकों ने विद्यार्थियों की विषय पर पकड़, विचारों की स्पष्टता, तार्किक प्रस्तुति और वक्तृत्व कौशल के आधार पर मूल्यांकन किया। विश्वविद्यालय के चांसलर नरेंद्र नाहटा ने अपने संदेश में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अकादमिक शिक्षा के साथ विचारों की स्पष्टता, आत्मविश्वास और प्रभावी संवाद कौशल भी आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने और तर्कपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. राजीव आर. ठाकुर ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आलोचनात्मक चिंतन और संचार कौशल विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन नमन राव एवं आदित्य राज ने प्रो. शानू ओरा के मार्गदर्शन में किया। आयोजन का समन्वय डॉ. मीता पारिख, डॉ. सोनाक्षी अग्रवाल एवं दयाशंकर ने कुलसचिव प्रो. आशीष पारिख के मार्गदर्शन में किया।

'त्योहार के दिनों में एक घंटा अधिक नल व कचरा गाड़ी के फेरे बढ़ाएं जाएं'

मंदसौर। समाज सेवी एवं पार्षद सुनील बंसल ने बताया कि इन दिनों में दीपावली की सफाई का काम तेजी से सभी घरों दुकानों में चल रहा है उसकी वजह से उन्हें पानी की अधिक आवश्यकता होती है। अभी प्रचुर मात्रा में शिवना नदी में पानी है अतः नगर पालिका परिषद नल देने का समय एक घंटा बढ़ाया जाए। बंसल ने रमादेवी गुर्जर, जलकल सभापति निलेश जैन एवं स्वास्थ्य समिति की सभापति दीपमाला मकवाना से यही निवेदन किया है। 1 घंटे अतिरिक्त नल देने के साथ ही दिवाली की सफाई की वजह से कचरा भी अत्यधिक निकल रहा है तो जो हमारे कचरा वाहन है उनके फेरे भी बढ़ाए जाएं और रविवार को स्पेशल रूप से कचरा की गाड़ियों को लगाया जाए ताकि लोग कचरा इधर-उधर न डाले, सीधा गाड़ी में ही डालें।



सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय की छात्रा शाईन को मिली ई- स्कूटी



मंदसौर। मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत प्रत्येक शासकीय विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करना है। जिससे कि छात्र-छात्राएं अध्ययन में और रुचि लेवें और निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करें। इसी योजना अंतर्गत विगत 3 अक्टूबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मध्य प्रदेश के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर वन क्लिक के माध्यम से इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की। तत्पश्चात विद्यालय स्तर पर भी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इसी तारतम्य में 17 अक्टूबर को सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में शाईन को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे एवं कक्षा अध्यापक टीना बाफना ने शाईन का पुष्पमाला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र, एवं ई स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हामिद खान जेदी, रचना आर्य, दीप राठौर, सुरेश बोराना, रेणुका आचार्य, लोकेंद्र शर्मा, किरण परमार, कुंदन सांखला, अनिल दाहिमा, सुनीता शर्मा, ज्योति दुबे एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।